# नेपाल में घमासान, केपी शर्मा ओली के घर डटे प्रचंड

राजनीतिक संकट

## नेपाल में स्टैंडिंग कमिटी की बैठक को लेकर घमासान



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू। नेपाल में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के अंदर जारी राजनीतिक संकट में मंगलवार को नया मोड़ आ गया। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के गुट के बीच स्टैंडिंग कमिटी की बैठक को लेकर जमकर ड्रामा हो रहा है। ओली के गुट का दावा है कि आज होने वाली पार्टी की स्टैंडिंग कमिटी की बैठक को टाल दिया गया है, वहीं प्रचंड और उनके समर्थक प्रधानमंत्री के आवास पहुंच गए हैं। प्रचंड समर्थकों का कहना है कि बैठक स्थगित नहीं हुई है और यह होगी।

काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री ओली के प्रेस सलाहकार सूर्य थापा ने कहा कि बैठक को स्थगित कर दिया गया है क्योंकि अभी ओली और प्रचंड की ओर से प्रस्ताव को तैयार नहीं किया गया है। उधर, स्टैंडिंग कमिटी की सदस्य मैत्रिका यादव ने कहा कि यदि ओली शामिल होने से मना करते हैं तब भी बैठक होगी। उन्होंने कहा, हम पहले से ही मीटिंग हॉल में मौजूद हैं और अन्य सदस्यों के आने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

**संसद को भंग कर चुनाव करा सकते हैं ओली:** बता दें कि ओली और प्रचंड के बीच 2 जून से वार्तालाप जारी है लेकिन कोई समझौता नहीं हो सका है। अब ओली और प्रचंड दोनों ही गुटों ने अपना रुख कड़ा कर लिया है। प्रचंड का गुट ओली के इस्तीफे की मांग कर रहा है, वहीं पीएम ओली ने धमकी दी है कि अगर उन्हें पद छोड़ने के लिए बाध्य किया गया तो वह कड़े कदम उठाएंगे। बताया जा रहा है कि चीन के बल पर सत्ता बचाने की कोशिशों में जुटे नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली अब संसद को भंग करने और मध्यावधि चुनाव कराने की तैयारी कर रहे हैं।

**ओली और प्रचंड दोनों अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुटे:** नेपाली अखबार कांतिपुर की रिपोर्ट के मुताबिक केपी शर्मा ओली और उनके विरोधी पुष्प कमल दहल प्रचंड दोनों ही शह और मात के लिए अपनी–अपनी रणनीति बनाने में जुट गए हैं। ओली की तैयारी को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के दोनों ही धड़ों के बीच सहमति बनने के आसार कम होते जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक ओली दो विकल्पों पर विचार रहे हैं। पहला–पार्टी के बंटवारे पर अध्यादेश लाया जाए ताकि कम्युनिस्ट पार्टी का चुनाव चिन्ह उनके पास ही रहे। दूसरा–संसद को भंग करके मध्यावधि चुनाव कराए जाएं। हालांकि यह दोनों ही रणनीति ओली के लिए आसान नहीं होने जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि ओली ने संसद को भंग करने और मध्यावधि चुनाव कराने के कारणों को बताने के लिए अपना भाषण तक तैयार कर लिया है।

## न्यूज डायरी




### 29 सितंबर को ट्रंप और बाइडेन में पहली बहस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए पहली बहस 29 सितंबर को ओहियो में होगी। कमिशन ऑन प्रेसिडेंशियल डिबेट्स ने एक बयान में कहा कि क्लीवलैंड की केस वेस्टर्न रिजर्व यूनिवर्सिटी और क्लीवलैंड क्लिनिक इस डिबेट को होस्ट करेंगे। 29 सितंबर को हेल्थ एजुकेशन कैंपस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट्स के उम्मीदवार और पूर्व उप–राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच सीधी बहस होगी। दोनों नेता 15 अक्टूबर को फ्लोरिडा के मायामी में दोबारा आमने–सामने होंगे। तीसरी बहस 22 अक्टूबर को टेनेसी में होगी। उप–राष्ट्रपति पद के लिए भी 7 अक्टूबर को एक बहस होगी। सॉल्ट लेक सिटी की यूनिवर्सिटी में होने वाली इस बहस में उप–राष्ट्रपति माइक पेंस का मुकाबला डेमोक्रेटिक उम्मीदवार हो होगा। अभी बाइडेन ने अपने डेप्युटी के नाम का ऐलान नहीं किया है। सारी बहसें 90 मिनट लंबी होंगी और रात 9 बजे से 10.30 बजे के बीच होंगी। इन सभी बहसों का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

### नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी की अहम बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल की सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी की मंगलवार को होने वाली अहम बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पुष्प कमल दहल "प्रचंड" के नेतृत्व वाले असंतुष्ट गुट के बीच सुलह कराने के उद्देश्य से यह बैठक होनी थी। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) की 45 सदस्यीय स्थायी समिति की बैठक पूर्वाह्न 11 बजे होनी थी। बैठक स्थगित होने की सूचना देते हुए स्थायी समिति के सदस्य गणेश शाह ने कहा कि ओली और प्रचंड को आपसी मतभेद सुलझाने के लिए और समय चाहिए। गत सप्ताह बुधवार को बलुवातार में स्थायी समिति की एक संक्षिप्त बैठक हुई थी। हालांकि प्रधानमंत्री उसमें शामिल नहीं हुए थे। इसके बाद पार्टी गतिविधियों की समीक्षा, सरकार का प्रदर्शन, पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच काम के बंटवारे और अन्य संबंधित कामकाज पर चर्चा करने के लिए एक सप्ताह बाद 28 जुलाई को बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया था।

### यमन में बाढ़ के कारण तबाही, कई लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सना। यमन में तेज बारिश के कारण अचानक आयी बाढ़ से तबाही मची है, जिससे कई लोगों की जान जाने के साथ ही हजारों घर क्षतिग्रस्त भी हुए हैं। सुरक्षा अधिकारियों एवं सहायता समूह ने सोमवार को इसकी जानकारी दी । यमन पहले से लड़ाई, भूखमरी एवं कोरोना वायरस महामारी का सामना कर रहा है ऐसे में जबरदस्त बारिश ने इन मानवीय आपदाओं को और बढ़ा दिया है। यमन में रेड क्रॉस मिशन में अंतरराष्ट्रीय कमेटी के प्रमुख आबदी इस्माइल ने कहा 'इकोरोना वायरस, संघर्ष एवं तेज बारिश के कारण इस साल पूरे देश में लाखों लोग प्रभावित हुए हैं।'' आईसीआरसी की एक रिपोर्ट के अनुसार दक्षिणी यमन में शिविरों में रह रहे 33 हजार विस्थापितों के टेंट और उनका सामान बाढ़ के कारण बह गया या तबाह हो गया। इससे पूरे देश में कई लोगों की जान भी गई।

### ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ओ ब्रायन कोरोना पॉजिटिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ओ ब्रायन कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं और वाइट हाउस ने सोमवार को घोषणा की कि उन्हें हल्के लक्षण हैं। वह अब तक इस संक्रमण की चपेट में आने वाले शीर्षतम अधिकारी हो गए हैं। वाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि ओ ब्रायन आइसोलेशन में रह रहे हैं और सुरक्षित स्थान से काम कर रहे हैं। यह भी बताया गया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप या उपराष्ट्रपति माइक पेंस को संक्रमण की चपेट में आने का खतरा नहीं है। ट्रंप के 54 वर्षीय इन सहयोगी को 'हल्के लक्षण' हैं। ओ ब्रायन अब तक इस संक्रमण की चपेट में आने वाले ट्रंप प्रशासन शीर्षतम अधिकारी हैं। वाइट हाउस ने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ओ ब्रायन कोविड–19से संक्रमित पाए गए है।

## लाहौर में पालतू बिल्ली से एक हफ्ते तक गैंगरेप, मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लाहौर। पाकिस्तान के लाहौर शहर में एक पालतू बिल्ली की कथित रूप से 15 वर्षीय किशोर और उसके मित्रों के एक सप्ताह तक गैंगरेप किए जाने से मौत हो गई। सोशल मीडिया पर वायरल एक फेसबुक पोस्ट में कहा गया है कि बिल्ली के साथ इस हद तक हैवानियत की गई कि उसके अंगों ने काम करना बंद कर दिया और उसकी मौत हो गई।

फेसबुक पोस्ट में कहा गया है कि गैंगरेप की वजह से बिल्ली भीषण दर्द की वजह से न बैठ पा रही थी, न चल पा रही थी, न खा पा रही थी और न ही सो पा रही थी। जब इस बिल्ली को डॉक्टर के पास ले जाया गया तो उसके अंदर से बड़ी मात्रा में स्पर्म, खून और प्लास्टिक बैग निकले। इन बैग का इस्तेमाल लड़कों ने बिल्ली के साथ रेप के लिए किया था।

फेसबुक पोस्ट में कहा गया है कि डॉक्टर ने बिल्ली के साथ रेप की पुष्टि की लेकिन उसने इस पूरे मामले से खुद को दूर रखने के लिए कुछ भी लिखित में नहीं दिया। इस पोस्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में बच्चों के सेक्स एजुकेशन की सख्त जरूरत है लेकिन मुल्ला इससे नफरत करते हैं। इस तरह के प्रोग्राम और कार्यशाला की आज सख्त जरूरत है।




## शंघाई के बेहद करीब पहुंचे यूएस के फाइटर जेट्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अमेरिका। चीन और अमेरिका के बीच कोरोना वायरस, ट्रेड वॉर से लेकर दक्षिण चीन सागर जैसे मुद्दों की वजह से बढ़ी टेंशन फिलहाल कम होती नहीं दिख रही है। उलटे, दोनों देशों ने अपने यहां एक–दूसरे के कॉन्सुलेट बंद कर डाले जिससे स्थिति और चिंताजनक हो गई है। इसी बीच अमेरिकी वायुसेना के जंगी जहाज चीन के बेहद करीब पहुंच गए। यहां तक कि एक जहाज शंघाई से महज 100 किमी दूर जा पहुंचा। हाल के सालों में यह इतना करीब पहुंचने की पहली घटना है। पेकिंग यूनिवर्सिटी के थिंक टैंक साउथ चाइना सी स्ट्रैटीजिक सिचुएशन प्रोबिंग इनिशिएटिव के मुताबिक P–8A ऐंटी सबमरीन प्लेन और EP–3E प्लेन रेकी करने के लिए ताइवान स्ट्रेट में दाखिल हुआ और झेझियान्ग और फुजियान के तट पर उड़ान भरी।

## आयरन ब्रदर पाकिस्तान की तरह बनें नेपाल और अफगानिस्तान: चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। लद्दाख में भारत से चल रहे तनाव के बीच चीन अपने आयरन ब्रदर पाकिस्तान के साथ मिलकर अब नेपाल और अफगानिस्तान को साधने में जुट गया है। चीनी ड्रैगन ने अफगानिस्तान और नेपाल को आयरन ब्रदर पाकिस्तान के जैसा बनने के लिए कहा है। साथ ही अनुरोध किया है कि चारों देश मिलकर सहयोग करें ताकि कोरोना वायरस की चुनौती से निपटा जा सके।

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने सोमवार को पाकिस्तान, अफगानिस्तान और नेपाल के अपने समकक्षों के साथ पहली संयुक्त डिजिटल बैठक की। इस दौरान

**चीन पाक के साथ मिलकर नेपाल, अफगानिस्तान को साधने में जुटा**

उन्होंने कोविड–19 महामारी को फैलने से रोकने, अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने और 'बीआरआई' बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को बहाल करने के लिए चार सूत्री योजना पर विचार किया। चीन के विदेश मंत्रालय के अनुसार अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मोहम्मद हनीफ अत्मार और नेपाल के विदेश प्रदीप कुमार गवली ने इस बैठक में हिस्सा लिया, जबकि पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने भाग नहीं लिया।

**चीन ने चार सूत्री कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा:** कुरैशी का प्रतिनिधित्व पाकिस्तान के आर्थिक कार्य मंत्री मखदूम खुसरो बख्तियार ने किया। इन चार देशों की इस पहली बैठक में वांग ने इस महामारी का मिल कर मुकाबला करने पर सहमति को मजबूत करने, कोरोना वायरस संकट के राजनीतिकरण से बचने और वैश्विक स्वास्थ्य समुदाय का संयुक्त रूप निर्माण करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन को उसकी भूमिका निभाने में उसका दृढ़ता से समर्थन करने समेत चार सूत्री कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा।

बता दें कि इसी महीने ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका के विश्व स्वास्थ्य संगठन से हटने के अपने निर्णय के बारे में संयुक्त राष्ट्र को औपचारिक तौर पर अवगत कराया था।

## परमाणु बम सुरक्षा की स्थायी गारंटी हैं: किम जोंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्योंगयांग। उत्तर कोरिया के सैन्य तानाशाह किम जोंग उन ने एक बार फिर से परमाणु हथियारों की ओर अपनी प्रतिबद्धता जताई है। किम जोंग उन ने कहा कि परमाणु प्रतिरोध राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थायी गारंटी होंगे। किम जोंग उन ने वर्ष 1950–53 में हुए कोरियाई युद्ध के खात्मे की याद में आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। सिप्री की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर कोरिया के पास 30 से 40 परमाणु बम हैं और वह लगातार इसे बना रहा है।

उत्तर कोरिया की सरकारी संवाद एजेंसी केसीएनए की रिपोर्ट के मुताबिक अपने भाषण में किम जोंग उन ने कहा कि कोरियाई युद्ध के समय से ही देश अपने शत्रुओं से भीषण लड़ाई लड़ रहा है। यही नहीं साम्राज्यवादियों का दबाव भी काफी बढ़ गया है। उन्होंने कहा, हमारे युद्ध से आत्मरक्षा के प्रभावी और विश्सनीय प्रतिरोध को धन्यवाद कहें कि अब इस धरती पर कोई युद्ध नहीं होगा। और हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और भविष्य की दृढ़तापूर्वक स्थायी गारंटी होगी। किम जोंग उन ने कहा, नॉर्थ कोरिया परमाणु हथियार बनाना जारी रखेगा।